प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

03.02.2025 ⁄ प्रादेशिक समाचार ⁄ 1945बजे

मुख्य समाचार''

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आगामी वित्त वर्ष के बजट को लेकर सात ज़िलों के विधायकों के साथ की बैठक–कहा– सरकार को नाबार्ड से मिले 9 सौ 3 करोड़ रुपये।
- भाजपा विधायकों ने विधायक प्राथमिकता की बैठक का किया बहिष्कार–नेता प्रतिपक्ष ने विधायकों की विकास योजनाओं की अनदेखी का लगाया आरोप।
- केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने कहा– हिमाचल में रेलवे विकास के लिए 2 हजार 7 सौ 16 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान।
- सांसद सिकंदर कुमार ने हिमाचल के शक्तिपीठो व अन्य तीर्थस्थलों पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने का केंद्र से किया आग्रह।

सीएम बैठक

प्रदेश सरकार द्वारा वित्त वर्ष 2024–2025 के दौरान नाबार्ड से 903 करोड़ 21 लाख रुपये की एक सौ 27 परियोजनाएं स्वीकृत करवाई जा चुकी है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज शिमला में वार्षिक बजट 2025–2026 के लिए कांगड़ा, कुल्लू और किन्नौर ज़िलो के विधायकों की प्राथमिकता को निर्धारित करने के उद्देश्य से आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए ये बात कही। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं में से 4 सौ 12 करोड़ 75 लाख रुपये की विधायक प्राथमिकता योजनाएं लोक निर्माण विभाग और एक सौ 79 करोड़ से अधिक की 23 विधायक प्राथमिकता योजनाएं जल शक्ति विभाग की हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष मार्च माह तक नाबार्ड से और अधिक विधायक प्राथमिकताओं को स्वीकृत करवाने के लिए राज्य सरकार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछले दो वर्षों में प्रदेश के लोगों के कल्याण के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, पर्यटन, आधारभूत ढांचा, कृषि, बागवानी, उद्योग और महिला सशक्तिकरण व बाल विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण फैसले किए हैं। बैठक में विधायकों ने अपने–अपने विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर मांगे रखीं।

सीएम बैठक–2

विधायकों की प्राथमिकताओं को निर्धारित करने के लिए दूसरे सत्र के दौरान सोलन, चंबा, बिलासपुर और लाहौल स्पीति जिलों के विधायकों ने भी अपनी प्राथमिकताएं प्रस्तुत कीं। बैठक में

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को विधायक प्राथमिकता की डीपीआर तैयार करते समय फोरेस्ट क्लीरेंयस और गिफ्ट डीड जैसी औपचारिकताओं को पूरा करने में अधिमान देने के निर्देश दिए, ताकि परियोजनाओं का कार्य समय पर आरम्भ किया जा सके। इस अवसर पर कृषि मंत्री चंद्र कुमार, राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल, तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी और आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

जयराम ठाकुर

इस बीच भाजपा विधायक दल ने विधायक प्राथमिकता की बैठकों का बहिष्कार किया है। विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि हिमाचल में बीते दो वर्षों में विपक्ष के विधायकों ने जो प्राथमिकताएं दी थी उनकी अभी तक डीपीआर ही नहीं बनाई गई है। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के भी केवल मुख्यमंत्री के करीबी विधायकों की योजनाओं को ही स्वीकृति मिल रही है, इसलिए विपक्ष के विधायकों ने विधायक प्राथमिकता की बैठकों का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है।

जयराम ठाकुर–32''–

विपक्ष के नेता ने आरोप लगाया कि सुक्खू सरकार केंद्र सरकार के पैसे का दुरूपयोग कर रही है और मनरेगा व रेलवे जैसी परियोजनाओं का हिस्सा भी राज्य सरकार नहीं दे रही है।

जयराम–31''–

सुक्खू

दूसरी तरफ मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार के दो साल के कार्यकाल में सत्तापक्ष से भी ज्यादा विपक्ष के विधायकों की प्राथमिकताएं पूरी हुई हैं। शिमला में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने इस संबंध में विपक्ष के आरोपों को झूठा बताया।

अश्विनी वैष्णव

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि केंद्र सरकार ने वित वर्ष 2025– 26 में रेलवे के लिए 2 सौ 52 हजार करोड़ का बजट रखा है जिसमें हिमाचल के लिए 2 हजार 7 सौ 16 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया गया है। आज दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि प्रदेश के चार स्टेशनों को अमृत स्टेशन अभियान के तहत अमृत स्टेशन बनाया जाएगा। अश्वनी वैष्णव ने बताया कि इस वित वर्ष में पूरे देश में 2 सौ 30 स्टेशनों को अमृत स्टेशन बनाया जाएगा और एक सौ 16 हजार करोड़ रेलवे सुरक्षा के लिए खर्च किए जाएंगे।

केंद्रीय रेल मंत्री ने बताया कि उत्तराखंड के लिए 4 हजार 6 सौ 41 करोड़ रुपये, पंजाब के लिए 5 हजार 4 सौ 21 करोड़, हरियाणा के लिए 3 हजार 4 सौ 16 करोड़ और दिल्ली के लिए 2 हजार 5 सौ 93 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि 50 नई नमो भारत, सौ अमृत भारत रेल और 200 नई वंदे भारत रेल गाड़ियां शुरू की जाएंगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि रेलवे सुरक्षा और रेलवे ट्रैक्स को मिशन मोड में स्तरोन्नत किया जाएगा।

सिकंदर कुमार

राज्य सभा सांसद सिकंदर कुमार ने हिमाचल प्रदेश के शक्तिपीठों व अन्य तीर्थस्थलों पर एस्केलेटर और लिफ्ट लगाने का केंद्र से आग्रह किया है। वे आज राज्यसभा में शून्य काल के दौरान बोल रहे थे। सिकंदर कुमार ने कहा कि हिमाचल प्रदेश एक पहाड़ी राज्य है और यहां अधिक मंदिर ऊंचाई पर स्थित है। उन्होंने कहा कि इन मंदिरों तक पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं को सैंकड़ों सीढ़ीयां चढ़नी पड़ती है, जिसमें बुजुर्गों और दिव्यांगजनों को कठिनाई होती है। उन्होंने कहा कि राज्य के तीर्थस्थलों पर मूलभूत सुविधाएं मिलने से श्रद्धालुओं को लाभ मिलेगा।

सुरेश कश्यप

लोकसभा सांसद सुरेश कश्यप ने केंद्र सरकार के बजट में प्रस्तुत प्रत्यक्ष करों से संबंधित प्रस्तावों को व्यक्तिगत आयकर सुधार की दिशा में अहम कदम बताया है। आज लोकसभा में आयकर प्रावधानों को सरल बनाने के विषय पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि बजट में मध्यम वर्ग के करदाताओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। सुरेश कश्यप ने कहा है कि वर्ष 2020–21 में नई कर व्यवस्था लागू होने के बाद से विभिन्न आय स्लैब में व्यक्तिगत आयकर दरों में लगातार कमी आ रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान बजट में वरिष्ठ नागरिकों के लिए ब्याज आय और किराए की आय जैसी कुछ आय के संबंध में स्रोत पर कर कटौती की सीमा बढ़ाने का प्रस्ताव किया गया है।

भेंट

भारत में निर्वासित तिब्बतियन सरकार के सांसदों ने आज शिमला में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से भेंट की। ये एक शिष्टाचार भेंट थी। इस दौरान सांसदों ने तिब्बत सरकार को अभूतपूर्व सहयोग देने के लिए राज्य सरकार व विधानसभा अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि हिमाचल का तिब्बत के साथ प्राचीन व्यापारिक और वाणिज्यिक संबंध रहा है, जो आज भी जारी है।

इस बीच सांसदों ने राजभवन शिमला में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से भी शिष्टाचार भेंट की।

मुख्य समाचार एक बार फिर''

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आगामी वित्त वर्ष के बजट को लेकर सात ज़िलों के विधायकों के साथ की बैठक–कहा– सरकार को नाबार्ड से मिले 9 सौ 3 करोड़ रुपये।

- भाजपा विधायकों ने विधायक प्राथमिकता की बैठक का किया बहिष्कार–नेता प्रतिपक्ष ने विधायकों की विकास योजनाओं की अनदेखी का लगाया आरोप।
- केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने कहा– हिमाचल में रेलवे विकास के लिए 2 हजार 7 सौ 16 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान।
- सांसद सिकंदर कुमार ने हिमाचल के शक्तिपीठो व अन्य तीर्थस्थलों पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने का केंद्र से किया आग्रह।

———————————

ताजा समाचारों के लिए आप हमारे फेसबुक पेज, ऑल इंडिया रेडियो न्यूज़ शिमला, एक्स हैंडल एट.द. रेट ए.आई.आर न्यूज़, अंडर स्कोर शिमला और यू–ट्यूब चैनल ए.आई.आर. शिमला न्यूज़ पर लॉगिन कर सकते हैं।

बाकी समाचार अंतराल के बाद..........................